**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांकः 12.10.2024 समय : 18.30 पीएम

- **विजयदशमी पर्व पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर रावण दहन और शस्त्र पूजन सहित विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं आयोजित।**
- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भरतपुर दौरे के दूसरे दिन आज विकास कार्यों की समीक्षा की–जनसमस्याओं को जल्द दूर करने के दिये निर्देश।**
- **रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन द्वारा दो हजार दो सौ 36 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 75 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का किया उद्घाटन।**
- **प्रदेश में बारिश का दौर थमने के साथ ही ज्यादातर स्थानों पर दिन के तापमान में बढोतरी ।**

0000

विजयदशमी और दुर्गापूजा का पर्व आज देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विजयदशमी पर शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश में भी दशहरे के पर्व पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हो रहे हैं। आज शुभ मुहुर्त में शाम को बुराई के प्रतीक रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जा रहा है। प्रदेशभर में कई जगह परम्परागत रूप से मेलों का भी आयोजन हो रहा है। कोटा के राष्ट्रीय दशहरा मेला के तहत आज भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है।

------------------------

राजधानी जयपुर में भी जगह–जगह रावण दहन के आयोजन हो रहे हैं। आदर्श नगर, विद्याधर नगर, मानसरोवर और प्रताप नगर सहित सौ से अधिक स्थानों पर शाम को विधिवत रूप से रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा। भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किये गए हैं। पाली में इस बार प्रदूषण रहित रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। अलवर में पुरूषार्थी समाज की ओर से दशहरा के पर्व पर शोभायात्रा निकाली गई। अब से कुछ देर बाद दशहरा मैदान पर रावण दहन किया जाएगा। झालावाड़, सवाईमाधोपुर और डीग में दशहरा पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। श्रीगंगानगर में सुखाड़िया सर्किल पर स्थित रामलीला मैदान में रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। वहीं रिजर्व पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन किया गया। जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बलों के जवानों ने मंत्रोच्चार के बीच अस्त्र–शस्त्रों का पूजन किया। भरतपुर में चल रहा जसवंत प्रदर्शनी और पशु मेला परवान पर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में शामिल होने के लिए दूर–दराज से लोग पहुंच रहे हैं।

---------------------

विजयदशमी पर परम्परागत रूप से कई संगठनों और विभिन्न समाजों की ओर से शस्त्र पूजन के कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में राष्ट्रीय स्वयं संघ की ओर से आज पथ संचलन के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जयपुर शहर में करीब 25 स्थानों पर पथ संचलन आयोजित हुए। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जोधपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर एकत्रीकरण और शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि विजयदशमी का दिन केवल रावण के दहन का दिन नहीं है, बल्कि एक संकल्प का भी दिन है। आज के दिन समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। धौलपुर में गंगाबाई की बगीची में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद शहर में पथ संचलन निकाला गया। भीलवाड़ा में भी शहर के विभिन्न मार्गों से पथ संचलन निकाला गया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर दौरे के दूसरे दिन आज सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। इस दौरान जिलेभर से आए लोगों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। लोगों की समस्याओं को जानकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए । इसके साथ ही उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में संभाग के भरतपुर, धौलपुर, करौली, डीग, सवाई माधोपुर जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर बजट घोषणाओं को क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इससे पहले श्री शर्मा ने सुबह कैवलादेव राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण कर सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने उद्यान में पांचना बांध और चंबल नदी से आए पानी के संबंध में भी चर्चा की। इस दौरान श्री शर्मा ने कैवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के समुचित विकास को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज सीमा सड़क संगठन –बीआरओ द्वारा दो हजार दौ सौ 36 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 75 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। सिक्किम में रक्षा मंत्री ने 22 सड़क, 51 पुल और दो अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं का निर्माण अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित देश के 11 सीमावर्ती राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया है। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 2014 में एनडीए सरकार के सत्ता में आने से पहले विकास की गति रूक गई थी और पूर्वोत्तर और सीमावर्ती राज्य विकास के अवसरों से वंचित थे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको दूर संचार विभाग द्वारा उपयोगकर्ताओं को लाभ देने के लिये उठाये गये कदमों की जानकारी दे रहे हैं।

000

प्रदेश में चलाये जा रहे **"शुद्ध आहार– मिलावट पर वार"** अभियान के तहत जयपुर में खाद्य सुरक्षा दल लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने ले रहे हैं। जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर गठित टीम ने कल विभिन्न दुकानों और प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिये। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय की टीम ने सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में एक प्रतिष्ठान से शुगर कोटेड सौंफ का नमूना लिया और अन्य प्रतिष्ठानों से मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर और धनिया पाउडर के सैम्पल लिये गये। इन सभी खाद्य नमूनों को जांच के लिये प्रयोगशाला भिजवाया जायेगा तथा जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाई की जायेगी।

000

प्रदेश में बारिश का दौर थमने के साथ ज्यादातर स्थानों पर दिन के तापमान में बढोतरी देखी जा रही है। पिछले चौबीस घंटों में राज्य में सबसे ज्यादा 37 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान श्रीगंगानगर और जैसलमेर में दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में 15 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।
मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कल कोटा, उदयपुर, अजमेर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जिनेवा में अंतर–संसदीय संघ की 149वीं बैठक में भाग लेने के लिए कल रवाना होंगे। यह बैठक 17 अक्टूबर तक चलेगी। श्री बिरला **"अधिक शांतिपूर्ण और टिकाऊ भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग"** विषय पर सभा को संबोधित करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष संघ की शासी परिषद की बैठकों में भाग लेंगे। श्री बिरला 14 अक्टूबर को जिनेवा में प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, दोनों सदनों के महासचिव और कई अन्य सांसद शामिल हैं।

000

केन्द्र सरकार ने राजस्थान और आंध्र प्रदेश में ग्रामीण स्थानीय निकायों को चालू वित्तीय वर्ष के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान की पहली किस्त जारी कर दी है। पंचायती राज मंत्रालय ने कहा कि राजस्थान को विधिवत निर्वाचित 22 पात्र जिला पंचायत, 287 पात्र ब्लॉक पंचायत और 9 हजार 68 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए लगभग 507 करोड़ रुपये का बेसिक अनुदान और लगभग 761 करोड़ रुपये का टाइड ग्रांट मिला है। इस राशि से पंचायतें 29 विषयों में कृषि और ग्रामीण आवास सहित शिक्षा और स्वच्छता के लिए स्थानीय जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगी। वहीं स्वच्छता, खुले में शौच मुक्त और जल प्रबंधन जैसी मुख्य सेवाओं पर भी इस राशि को खर्च किया जा सकेगा।

000